## संक्षिप्त खबरें

### रविशंकर प्रसाद के नामांकन में फतुहा से सैंकड़ों कार्यकर्ता रवाना

फतुहा। शुक्रवार को पटना साहिब के सांसद उम्मीदवार रविशंकर प्रसाद के नामांकन में भाजपा नेता केशर प्रसाद के नेतृत्व में कार्यकर्ता पटना के लिए रवाना हुए। इस दौरान केशर प्रसाद ने कहा कि केन्द्र में मोदी सरकार की तीसरी बार सरकार बनाने के लिए हम कार्यकताओं में हर्ष का माहौल है। भाजपा के पटना साहिब उम्मीदवार रविशंकर प्रसाद के नामांकन समारोह में पटना जा रहें हैं। मौके पर सत्येन्द्र पासवान, संजीत पासवान, गणेश सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद शामिल हुए। दूसरी ओर एनडीए के घटक दल लोजपा (रा.) के जिलाध्यक्ष रंजीत यादव के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता पटना साहिब उम्मीदवार रविशंकर प्रसाद के नामांकन में पटना पहुंचे।

### एक महिला और एक युवक 82 लीटर विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार

फतुहा। शुक्रवार को कच्चीदरगाह पीपा पुल के पास से विदेशी शराब के साथ एक महिला समेत दो तस्कर को नदी थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने महिला के पास से जहां 67 पीस पांच सौ एमएल केन बियर बरामद किया। वहीं एक युवक के पास से कुल 15 लीटर विदेशी शराब बरामद किया है। अनुमानित कीमत करीब तीस हजार से अधिक का बताया गया है। गिरफ्तार महिला जहां हाजीपुर सदर थाना क्षेत्र के पोखरा मोहल्ला निवासी संजय राय की पत्नी ललिता देवी है तो गिरफ्तार युवक दियारा क्षेत्र के रुस्तमपुर थाना क्षेत्र के बहरामपुर निवासी गौरी राय के पुत्र निर्बल कुमार है। दोनों कच्चीदरगाह पीपापुल के जरिए नदी पार करने की योजना बना रहे थे तभी पुलिस को भनक लग गयी। नदी थाना एसएचओ राजु कुमार ने बताया कि महिला कोलकात्ता से केन बियर लेकर आयी थी तो गिरफ्तार युवक दिल्ली से विदेशी शराब लेकर ट्रेन से फतुहा पहुंचा था। दोनों को जेल भेज दिया गया है।

### अंग्रेजी शराब के साथ एक वृद्ध व्यक्ति गिरफ्तार

दानापुर खगौल थाना क्षेत्र के अंतर्गत खगौल पुलिस के गश्तीदल ने शुक्रवार की सुबह जगजीवन स्टेडियम आरओबी पुल के पास से बोरे में शराब ले जा रहे एक वृद्ध को गिरफ्तार किया। उसके पास पुलिस ने विभिन्न ब्रांड के 38 बोतल शराब बरामद किया। बताया जाता है कि खगौल थाना के गश्ती के दौरान जगजीवन स्टेडियम के पास आरओबी पुल के नीचे एक व्यक्ति उजला रंग के बोरा लेकर जाते देखा। पुलिस को देख वो भागने लगा। शक के आधार पर पुलिस ने उसे रोका। उसके बोरे से 500 एमएल के 24 पीस 375 एमएल के 04 पीस अंग्रेजी शराब व उसके कुर्ता में बने पॉकेट से 180 एमएल के 10 पीस टेट्रा पैक अंग्रजी शराब बरामद किया गया। जिस पर फॉर सेल इन उतर प्रदेश अंकित था। पकड़े गये वृद्ध की पहचान बिक्रम निवासी विरेन्द्र सिंह के रूप में किया गया। बताया जाता है कि वृद्ध मुगलसराय से संघमित्रा एक्सप्रेस से शराब लेकर आया था।

### अस्पताल से निर्गत हो अमरनाथ यात्रियों को फिटनेस सार्टिफिकेट

पटना सिटी, श्री गुरु गोविंद सिंह अस्पताल सुधार समिति के महासचिव सह पूर्व पार्षद बलराम चौधरी, उपाध्यक्ष मो जावेद, देवरतन प्रसाद और रजनीश कुमार राय ने जिलाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी और सिविल सर्जन को ज्ञापन सौंपा है। इसमें श्री गुरु गोविंद सिंह सदर अस्पताल में अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले यात्रियों को फिटनेस सार्टिफिकेट नहीं मिल पा रहा है। बीते वर्ष तक अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले तीर्थयात्रियों को अस्पताल से प्रमाणपत्र मिला करता था। इस बार अधीक्षक के सेवानिवृत होने के बाद सिविल सर्जन के अधीक्षक के प्रभार में रहने से प्रमाण पत्र निर्गत नहीं हो पा रहा है। ज्ञापन में अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले यात्रियों के लिए फिटनेस सार्टिफिकेट निर्गत हो, इसकी व्यवस्था करने की मांग की गई है।

### बालू लदा ट्रैक्टर व डाला जब्त

पटना सिटी (प्राकि)। मालसलामी थाना की पुलिस ने शरीफागंज घाट व रिकाबगंज घाट के बीच पर अवैध बालू खनन के खिलाफ छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त किया है। चालक व सवार भागने में सफल रहा। इस मामले में पुलिस फरार वाहन चालक की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने बताया कि छापेमारी के दौरान ट्रैक्टर पर लदे बालू व वाहन को जब्त किया गया है। अवैध बालू खनन के खिलाफ पुलिस का लगातार अभियान जारी है।

# 106 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर भी प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में हो रही जांच

## उच्च जोखिम वाले प्रसव मामलों की पहचान व प्रबंधन हो रही आसान

प्रात :किरण संवाददाता



● हर माह की 9 एवं 21 तारीख को आयोजित किया जाता है अभियान

पटना- राज्य के 106 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर भी प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान हर माह की 9 एवं 21 तारीख को आयोजित किया जा रहा है. राज्य के अन्य शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर भी अभियान को जल्द शुरू करने के प्रयास किये जा रहे हैं. प्राप्त जानकारी के अनुसार, केंद्रों की संख्या में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है।

**उच्च जोखिम प्रसव के केस पर रहती है कड़ी नजर:**

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के दौरान हर गर्भवती महिला की सघन स्वास्थ्य जांच की जाती है. इससे उच्च जोखिम प्रसव की पहचान एवं प्रबंधन में आसानी रहती है. उच्च जोखिम प्रसव के मामलों को अविलंब रेफर किया जाता है ताकि गर्भवती महिला का समुचित उपचार किया जा सके. शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर अगर चिकित्सक की कमी हो तो निजी चिकित्सकों की सेवा ली जाती है और इसके लिए उन्हें भुगतान दिया जाता है।

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का मुख्य उद्देश्य मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाना है. इसमें गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क उच्च रक्तचाप, वजन, शारीरिक जाँच, मधुमेह, एचआईवी एवं यूरिन के साथ जटिलता के आधार पर अन्य जाँच की जाती है. इसके साथ ही उच्च जोखिम गर्भधारण महिलाओं को चिन्हित भी किया जाता है एवं बेहतर प्रबंधन के लिए दवा के साथ जरूरी परामर्श दिया जाता है. जाँच में एनीमिक महिला को आयरन फोलिक एसिड की दवा देकर इसके नियमित सेवन की सलाह दी जाती है. उन्हें गर्भावस्था के आखिरी दिनों में कम से कम चार बार खाना खाने की सलाह दी जाती है. चिकित्सकों के अनुसार, एक्सटेंडेड प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में 3 अतिरिक्त प्रसव पूर्व जांच करायी जाती है जबकि पूरे गर्भकाल के दौरान महिलाओं को 4 प्रसव पूर्व जांच कराने की सलाह दी जाती है. पहली जांच गर्भधारण से लेकर 12वें सप्ताह तक, दूसरी जांच गर्भधारण के 14वें से लेकर 26वें सप्ताह तक, तीसरी जांच गर्भधारण के 28वें से 34वें सप्ताह तक और आखिरी जांच 36वें सप्ताह से लेकर प्रसव होने के पहले तक कराई जाती है।

## शराब के साथ पकड़े जाने पर अभियुक्त को पांच वर्ष की कैद व जुमार्ना

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

देसी शराब के साथ पकड़े जाने के मामले में पटना सिटी व्यवहार न्यायालय के विशेष न्यायालय (उत्पाद) के विशेष न्यायाधीश बृजेंद्र कुमार राय ने एक अभियुक्त को पांच वर्ष का सश्रम कारावास की सजा सुनायी है। अदालत ने अभियुक्त पर एक लाख रुपए का आर्थिक जुमार्ना भी लगाया है। जुमार्ना की राशि अदा नहीं करने पर अभियुक्त को तीन माह अतिरिक्त जेल में रहना होगा। इस संबंध में विशेष लोक अभियोजक सैयद फैजुल होदा ने बताया कि मामले के अभियुक्त आलमगंज थाना क्षेत्र का रहने वाला कृष्ण कुमार है। आलमगंज थाना कांड संख्या 538/2020 से संबंधित है। पुलिस ने अभियुक्त के पास से 120 लीटर अवैध देसी शराब बरामद किया था। इस मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से चार लोगों ने गवाही दी है।

## ट्रेन के जनरल बोगी से अंग्रेजी शराब बरामद

प्रात :किरण संवाददाता

दानापुर खगौल रेल पुलिस ने चेकिंग के दौरान प्लेट फार्म संख्या दो के पूर्वी छोड़ ओवरब्रीज के नीचे नार्थ इस्ट एक्सप्रेस के अगला जेनरल बोगी से 180 एमएल के 72 पीस टेट्रा पैक एवं 375 एमएल के 20 पीस अंग्रेजी शराब बरामद किया। इस संबंध में मामला दर्ज किया गया। सभी पर फार सेल इन उतर प्रदेश अंकित था।

## मंदिर में चढ़ा चांदी की कवर, अक्षय तृतीया पर हुआ धार्मिक अनुष्ठान



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

बेगमपुर स्थित श्री जल्ला हनुमान मंदिर में स्थित शिवलिंग में वैदिक पूजन किया गया। इसके बाद आठ किलो 600 ग्राम चांदी से निर्मित कवर लगाया गया। इस दौरान विशेष श्रृंगार और पूजा का आयोजन किया गया। इसके बाद श्री रामचरित मानस का अखंड पाठ आचार्य रतन शुक्ला की देखरेख में हुआ। आयोजन में प्रदीप जैन, प्रबंधक आर बाला जी, कैशियर फनी कुमार, मिथिलेश जायसवाल, विश्वनाथ मेहता, कर्मवीर यादव, बबलू आदि उपस्थित थे। शक्तिपीठ बड़ी पटनदेवी में महंत विजय शंकर गिरि, विकास गिरी और सिद्धपीठ छोटी पटनेदवी में आचार्य अनंत अभिषेक द्विवेदी और विवेक द्विवेदी की देखरेख में धार्मिक अनुष्ठान किया गया। इसके अलावा भी अन्य मंदिरों में धार्मिक आयोजन हुआ। बेगमपुर स्थित दादाबाड़ी जैन मंदिर में भी अक्षय तृतीया महोत्सव पर धार्मिक अनुष्ठान हुआ। इस दौरान दादा गुरुदेव की पूजा-अर्चना के साथ आदिनाथ भगवान की स्तुति की गई। भक्तों ने भक्तामर का सामूहिक पाठ किया। भजन कीर्तन के साथ ध्वजारोहण का अनुष्ठान हुआ। खुशबू जैन ने भजनों की प्रस्तुति दी। आयोजन में प्रदीप जैन, दिलीप जैन, पारसचंद वैद्य, गिरिश जैन, प्रमिला जैन सहित जैन धमार्नुरागी शामिल हुए। संयोजक प्रदीप जैन ने बताया कि महोत्सव को लेकर कुम्हरार स्थित नेत्रहीन बालिका विद्यालय में दृष्टिबाधित छात्राओं में प्रसाद का वितरण किया गया।

## महर्षि परशुराम की जयंती पर किया गया धार्मिक आयोजन

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

महर्षि परशुराम की जयंती पर अनेक धार्मिक स्थान पर पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। हरिमंदिर गली स्थित शिव मंदिर में हुए कार्यक्रम के संयोजक अधिवक्ता सत्येंद्र मिश्र के संचालन में जयंती मनाई गई। इसमें आचार्य उमेशचंद्र मिश्र के आचार्यत्व में सिद्धपीठ छोटी पटनदेवी के आचार्य के अनंत अभिषेक द्विवेदी, आचार्य प्रभाकर मिश्र, आचार्य नर्मदेश्वर मिश्र, मधुसूदन मिश्र उर्फ बुलाकी बाबा, शशिकांत पांडेय, भृगुनाथ मिश्र व कमलेश त्रिपाठी ने पूजा-अर्चना का अनुष्ठान कराया। इस दौरान तख्तश्री हरिमंदिर जी प्रबंधक कमेटी के सदस्य राजा सिंह, गुरुद्वारा बाललीला मैनी संगत के बाबा गुरविंदर सिंह, कारसेवा दिल्लीवाले के बाबा गुरनाम सिंह, तख्त साहिब के प्रबंधक दिलीप सिंह पटेल, प्रवक्ता सुदीप सिंह, मैनेजर हरजीत सिंह, आनंद मोहन झा, डॉ राजीव गंगौल, आर्यन सिंह, चंदन कुमार आदि शामिल हुए। राष्ट्रीय नवनिर्माण मोर्चा की ओर से लोदीकटरा स्थित चार्ल्स डार्विन विद्यालय में भगवान परशुराम की जयंती पर धार्मिक आयोजन मोर्चा के अध्यक्ष सह संयोजक नरेंद्र मिश्र की अध्यक्षता में की गई। पूजा-अर्चना का अनुष्ठान विकास पांडेय ने कराया। आयोजन में विनोद कुमार पाठक, अरुण मिश्र, अमित केसरी, रामनरेश मिश्र, सत्यनारायण गुप्ता आदि शामिल हुए।

## मतदाता से किया अपील, पहले मतदान, फिर कोई काम

प्रात :किरण संवाददाता




दानापुर खगौल नगर के अंतर्गतः ईस्ट सेंट्रल रेलवे सीनियर सेकेंडरी स्कूल में लोकसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से यूथ हॉस्टल्स एसोशिएशन ऑफ इंडिया, पाटलिपुत्र इकाई, बिहार की ओर से मतदान जागरूकता अभियान का आयोजन ईस्ट सेंट्रल रेलवे सीनियर सेकेंडरी स्कूल,खगौल में किया गया जिसका उद्घाटन लोक गायिका नीतू नवगीत ममता भारती, उप आयुक्त समीर परिमल, डॉ. दयानिधि खगौल,नगर अध्यक्ष सुजीत कुमार, डा. अनिल रॉय, डॉ. संजेश कुमार गुंजन,रेलवे स्कूल के प्राचार्य ज्ञानेश्वर,सागरिका रॉय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर उद्घाटन किया।वही इस आयोजन में आर्यभट्ट निकेतन गांधीस्कूल क्राइस्ट चर्च डायोसेना स्कूल, बालिका माध्यमिक व मध्य विद्यालय ,दी माउंट स्कूल,ईस्ट सेंट्रल रेलवे सीनियर सेकेंडरी स्कूल, संस्थानों के करीब 500 से अधिक छात्र-छात्राओं ने रैली में शामिल होकर दानापुर स्टेशन व खगौल बाजार के आसपास के क्षेत्र में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। इस अवसर पर पटना जिला मतदाता जागरूकता अभियान मे नीतू कुमारी नवगीत ने कहा कि मतदान महादान होता है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतदाता ही भाग्य विधाता होते हैं। इसलिए सभी मतदाता अपने अधिकार का उपयोग करें और राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों को निभाएं। आयोजन स्थल रेलवे स्कूल में मतदाता जागरूकता अभियान को मुख्य अतिथि और अतिथियों ने अपने अपने संबोधन में छात्रों से कहा कि मतदान के दिन सभी लोग अपने परिवार, समाज और देश के सर्वांगीण विकास के लिए सब से पहले मतदान करें,फिर कोई काम करें यह सुनिश्चित करें। कार्यक्रम का संचालन.नम्रता आनंद,रजनीश कुमार और चंद्रशेखर भगत से संयुक्त रूप से किया है। संपूर्ण आयोजन को सफल बनाने में नम्रता आनंद, सत्यकाम सहाय राजेश कुमार,अनिता कुमारी, अशोक नागवंशी भरत पोद्दार, चंदू प्रिंस,सुधीर कुमार वर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## अक्षय तृतीया पर श्री दादी जी का श्रृंगार, पूजन व हुआ मंगल पाठ



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

दादी दादी बोल कोई सुन न ले, सरब सुहागन मिल मंदरिया में आई तो दादी जी के हाथ रचाई जी या मेहंदी जैसे अनेक भजनों से आज मिरचाई गली स्थित श्री राणी सती दादी मंदिर भक्तिमय हो गया। मौका था श्री दादी जी भक्त मंडल एवं श्री नारायणी महिला मंडल के संयुक्त तत्वावधान में अक्षया तृतीया पर श्री दादी जी का भव्य अलौकिक श्रृंगार व मेहंदी उत्सव के साथ 151 महिलाओं द्वारा सामूहिक मंगल पाठ का आयोजन का। आचार्य लखन शर्मा की देखरेख में दादी जी की पूजा-अर्चना की गई। मंगल पाठ को स्वर दिया दादी भक्त अनिता कानोड़िया ने। आज की विशेष व्यवस्था इंदु अग्रवाल व आशा अग्रवाल के द्वारा की गई थी। पाठ को सफल बनाने में उर्मिला साह, तारा झुनझुनवाला, मीना मोदी, विनीता डोकानिया, मंजू झुनझुनवाला, पूजा माखड़िया, मंडल के उपाध्यक्ष चंद्र प्रकाश झुनझुनवाला, प्रमोद कसेरा, संजीव देवड़ा, पवन बूबना आदि थे।

## बिहार कप सॉफ्ट टेनिस चैंपियनशिप की हुई शुरूआत

प्रात :किरण संवाददाता




पटना। पटना के पाटलिपुत्र कॉलोनी स्थित पाटलिपुत्र टेनिस सेंटर के प्रांगण में शुक्रवार से बिहार कप सॉफ्ट टेनिस चैंपियनशिप की शुरूआत हुई। चैंपियनशिप का विधिवत्त उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में हाई परफार्मेंस डायरेक्टर, खेलो इंडिया सेंटर के श्री राजेंद्र पठानिया तथा समाजसेवी श्री आलोक आजाद एवं सॉफ्ट टेनिस एसोसिएशन ऑफ बिहार के महासचिव धर्मवीर कुमार जी ने संयुक्त रूप से किया मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद श्री पठानिया जी ने कहा खेल को हमेशा जीतने के लिए खेलना है हम जीतेंगे और जरूर जीतेंगे यही लक्ष्य होना चाहिए। उन्होंने बच्चों से बहुत सारी बातें की। उन्होंने कई तकनीकी ज्ञान भी दिया । उन्होंने कहा कि बिहार सॉफ्ट टेनिस का यह प्रयास एक दिन जरुर रंग लाएगा। इस अवसर पर श्री आलोक आजाद जी ने कहा सॉफ्ट टेनिस निरंतर अपने खिलाड़ियों के प्रदर्शन को अच्छा से अच्छा करने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। मैं इनको शुभकामना देता हूं। यह तीन दिवसीय प्रतियोगिता के प्रथम दिन पुरुष व महिला वर्ग के अलग-अलग इंडिविजुअल सिंगल्स इवेंट खेले गये। यह प्रतियोगिता खिलाड़ियों को ज्यादा से ज्यादा मैच अभ्यास करने के लिए शुरू की गई है।इसलिए इस प्रतियोगिता को सॉफ्ट टेनिस का लीग प्रतियोगिता कहा जा रहा है। इसकी जानकारी देते हुए पाटलिपुत्र सॉफ्ट टेनिस अकादमी सह सॉफ्ट टेनिस एसोसिएशन ऑफ बिहार के महासचिव धर्मवीर कुमार जी ने बताया इस प्रतियोगिता में लगभग 14 जिलों से 65 सीनियर खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। मैच रेफरी रूपा कुमारी के अनुसार आज जो मैच हुए हैं उनके परिणाम निम्न है पुरुष वर्ग में दीपक (बक्सर) ने अंकित (कटिहार ) को 3-0 , रवि कुमार मेहता (पटना ) ने संजीव कुमार (रोहतास) को 3-0, अभिषेक राज (पटना) ने रोशन कुमार (कैमूर) को 3-0, संजीव कुमार (जहानाबाद)में राहुल पाल (कैमूर) को 3-0, सत्यम कुमार (रोहतास) में वरुण राज (भोजपुर) को3-0, कुमार अमरेश (भोजपुर) ने विशाल कुमार (पश्चिम चंपारण) को 3-0 जयंत कुमार (भागलपुर) में विनोद कुमार (वैशाली) को 3-1 से जबकि महिला वर्ग में साक्षी (वैशाली) ने प्रियंका कुमारी (कटिहार) को 3-1, मेधावी (पटना) ने एंजेल (भागलपुर) को 3-0, बंदना (वैशाली) ने सुप्रिती (पटना) को 3 - 0 से हरायी। आगे का लीग मैच कल सुबह 8:00 बजे से शुरू हो जाएगी।

## राम नवमी शोभा यात्रा के आयोजकों को किया सम्मानित



प्रात :किरण संवाददाता

बिक्रम :- गोपाल विद्यार्थी` हिन्दू धर्म रक्षक संगठन के द्वारा शुक्रवार को बीते महीने रामनवमी के दिन भव्य शोभायात्रा निकालने वाली समिति के सदस्यों तथा सामाजिक व धार्मिक सरोकार से जुड़े कई हस्तियों को सम्मानित किया गया। मौके पर रामनवमी शोभायात्रा समिति दुल्हिनबाजार, रामनवमी शोभायात्रा समिति पालीगंज, रामनवमी शोभायात्रा समिति बिहटा व नारायणी सेना प्रमुख आनंद प्रकाश विधार्थी, ट्रामा सेंटर संघर्ष समिति के अध्यक्ष दिपक कुमार सहित कई लोगों को अंगवस्त्र व प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया गया। संगठन के अध्यक्ष कुणाल किशोर ने कहा कि भविष्य में धर्म जागरण के कार्यों को बल व आयोजकों उत्साह प्रदान करने के उद्देश्य हमारे संगठन द्वारा धार्मिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने वाले लोगों को कार्यक्रम आयोजित का सम्मानित किया जा रहा हैं मौके पर संगठन के बिक्रम प्रखंड संयोजक गुड्डू गुप्ता सहित संगठन विस्तारक सत्यप्रकाश सिंह, आनंद कुमार, रितिक रौशन आदि मौजूद रहे।

## 13 की सुबह पीएम नरेंद्र मोदी आएंगे तख्तश्री पटना साहिब

### एसपीजी ने परिसर की सुरक्षा का लिया जायजा, सिटी एसपी व एसडीओ भी पहुंचे





पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पटना प्रवास के दौरान 13 मई यानी सोमवार की सुबह दशमेश पिता की जन्मस्थली तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब मत्था टेकने आएंगे। यह जानकारी तख्तश्री कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही एवं महासचिव इंद्रजीत सिंह ने दी। बताया गया कि प्रधानमंत्री का पटना में 12 मई को रोड शो है। इस दिन उनका रात्रि विश्राम राजभवन में है। वे सोमवार की सुबह सात बजे दशमेश पिता गुरु गोविंद सिंह जी महाराज की जन्मस्थली तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब पहुंचेंगे। यहां से वह सीधे वीआईपी लाउंज जाएंगे। फिर वह सीधे दरबार साहिब में जाकर गुरु के समझ शीश नवाएंगे। यहां दरबार साहिब की परिक्रमा करने के बाद उन्हें गुरु महाराज के जीवन से जुड़े शस्त्रों व धरोहरों का दर्शन कराया जाएगा। इस दौरान वह दरबार साहिब में बैठकर एक शबद कीर्तन भी श्रवण करेंगे। इसके बाद यहां से वह वापस वीआईपी लाउंज जाएंगे। यहां कमेटी की ओर से उन्हें तख्श्री पटना साहिब के इमारत का प्रतीक चिन्ह, श्री साहिब (तलवार) सरोपा, लिटरेचर आदि प्रदान किया जाएगा। पीएम नरेंद्र मोदी के तख्तश्री पटना साहिब आगमन को लेकर एसपीजी की टुकड़ी यहां आकर परिसर की सुरक्षा व्यवस्था और कोने-कोने को छानने का काम किया। इस दौरान सिटी एसपी भारत सोनी, एसडीओ गुंजन सिंह सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी भी मौजूद रहे। इंटेलिजेंस ब्यूरो और स्थानीय खुफिया शाखा के अधिकारी व पदाधिकारी भी इस दौरान सक्रिय देखे गए। इधर कमेटी की बैठक तैयारी और मिनट टू मिनट कार्यक्रम को तय करने के लिए किया गया। इसमें अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही, उपाध्यक्ष गुरुविंदर सिंह, महासचिव इंद्रजीत सिंह, सदस्य महेंद्रपाल सिंह ढिल्लन, सूरज सिंह नलवा, प्रवक्ता सुदीप सिंह, दया सिंह, अमरजीत सिंह, अधीक्षक दलजीत सिंह, प्रबंधक हरजीत सिंह आदि शामिल थे।

## मतदाता जागरुकता रैली निकाल स्कूली बच्चों ने मतदान के लिए किया जागरूक




● थानाध्यक्ष ने भी निर्वाचन में लोगों से सहभागिता सुनिश्चित करने अपील की

प्रात :किरण संवाददाता

बिक्रम :- गोपाल विद्यार्थी` लोस आम निर्वाचन 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन, सामाजिक संगठन व विभागीय अधिकारियों के द्वारा कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं` इसी कड़ी में बिक्रम प्रखंड के दानाड़ा संकुल अंतर्गत बाल विकास केंद्र विद्यालय के बच्चों ने शुक्रवार को प्राचार्य झूलन उपाध्याय के नेतृत्व में मतदाता जागरुकता रैली निकाली` शुक्रवार के अहले सुबह ही स्कूली बच्चों ने अपने हाथो में मतदान सम्बन्धी नारे लिखित तख्तियां लेकर इलाके में लोगों को 1 जून को मतदान के लिए जागरूक करते दिखे ` रैली के दौरान बच्चों को स्थानीय लोगों को मतदान में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने के लिए जागरूक किया ` मौके पर आयोजित रैली में बिक्रम थानाध्यक्ष विनोद कुमार भी शामिल होकर बच्चों व शिक्षको की हौसला अफजाई की तथा आम लोगों से निर्वाचन में सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की` रैली के दौरान प्रखंड साधन सेवी राजन कुमार, सुलेश कुमार, पूर्व समन्वयक नीतीश कुमार, स्कूल के शिक्षक सुरेंद्र प्रसाद वर्मा, सत्यनारायण सिंह, मुन्ना कुमार, ज्योति देवी, प्रियंका कुमारी, पूजा कुमारी व सुषमा समेत सैंकड़ों बच्चे व शिक्षक मौजूद रहे।

## महा भंडारा के साथ बिक्रम के जनपारा में आयोजित पांच दिवसीय श्री राम कथा सम्पन्न




प्रात :किरण संवाददाता

बिक्रम :- गोपाल विद्यार्थी` व्यक्ति के जीवन में नियम का होना अति आवश्यक है। जिनके जीवन का कोई नियम नही होता उनका जीवन उमर भर भटकता रहता है। जीवन के अच्छे कर्मों को यज्ञ कहा गया है। उक्त बातें अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सुप्रसिद्ध कथा वाचिका सुश्री गौरांगी गौरी ने बिक्रम के जनपारा में चल रहे पांच दिवसीय संगीतमय श्री राम कथा के अंतिम दिवस पर गुरुवार को कहीं । माँ आदि शक्ति सेवा ट्रस्ट के तत्वाधान में आयोजित आयोजित राम कथा में विनय सिंह, युवा उद्यमी सह शिक्षाविद मनीष सिंह ने सपरिवार ने दीप प्रज्वलन कर भव्य आरती कर व्यास पीठ का सम्मान किया। कथा के अंतिम दिन आयोजकों ने व्यासपीठ पर विराजमान कथा वाचिका देवी गौरांगी गौरी को माल्यार्पण व पूजा अर्चना कर मगध परंपरा अंतर्गत भव्य स्वागत किया । कथा प्रसंग में कथा वाचिका ने बताया कि जब जीवन में यज्ञ समाप्त हो जाता है तो जीव का तेज और बल दोनो की समाप्त हो जाते हैं। राम विवाह के प्रसंग में उन्होंने बताया कि माता सीता भक्ति और शक्ति का रूप है और शिव धनुष अंहकार का प्रतीक है। कथा में भगवान श्रीराम के विवाह प्रसंग पर व्यास पीठ से मंगल गीत गाए गए। भगवान श्री राम, सीता, लक्ष्मण के स्वरूप की आरती उतारी गई। कथावाचिका ने सीता-राम विवाह की कथा सुना श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। भगवान के विवाह के मंगल गीतों पर श्रद्धालुओं ने खूब मस्ती की` कथा विश्राम के पाश्चात्य महा भंडारा का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भोग लगाया।

## संक्षिप्त खबरें

### इसुआपुर में इंडिया कार्यकर्ताओं की हुई बैठक

इसुआपुर । आसन्न लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शुक्रवार को इसुआपुर बाजार पर इंडिया कार्यकर्ताओं की बैठक प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह की अध्यक्षता तथा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष संत कुमार सिंह के संचालन में हुई। बैठक में महाराजगंज लोकसभा के इंडिया के कांग्रेस प्रत्याशी आकाश कुमार सिंह को भारी मतों से जिताने को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर गहन विचार विमर्श किया गया। साथ ही इसके लिए रणनीति भी बनाई गई। गठबंधन की मजबूती तथा एकता बनाए रखने का भी संकल्प लिया गया। बैठक में तरैया विधानसभा के पूर्व राजद विधायक मुद्रिका प्रसाद राय, राजद नेता सह प्रखंड प्रमुख मितेंद्र प्रसाद यादव, तरैया के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सह मुखिया पति मिथिलेश राय, चंदेश्वर राय, राजद के जिला महासचिव मुखिया अजय राय, पूर्व जिला पार्षद तथा माकपा की प्रदेश नेत्री गीता सागर राम, कामरेड अहमद अली, मोहम्मद हफीज, रामदेव चौबे, मैकेनिक प्रसाद, दुलारचंद राय, कृष्णा प्रसाद यादव समेत दर्जनों लोगों ने संबोधित किया।

### 7 लीटर देशी शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

एकमा। स्थानीय थाना पुलिस ने विभिन्न जगहों से छापामारी कर दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया । जिनमें थाना क्षेत्र के गंज गांव से 7 लीटर देसी शराब के साथ रघुवीर चौधरी के पुत्र जवाहर चौधरी एवं भुईली गांव निवासी कृष्ण सिंह के पुत्र वारंटी मुन्ना सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया ।

### कांग्रेस प्रत्यशी ने क्षेत्र का दौरा कर पक्ष मे मतदान का किया अपील

बनियापुर ।महाराजगंज लोकसभा के बनियापुर विधान सभा क्षेत्र के विभिन्न गांवो मे कांग्रेस प्रत्याशी आकाश कुमार सिंह ने भ्रमण कर क्षेत्र का सर्वांगीण विकास की अपनी प्रतिब्धता व्यक्त करते आम मतदाताओं से पक्ष मे मतदान की अपील किया उन्होंने कमता धोबावल भिट्ठी धनगरहा सहित दर्जनों गांवो का भ्रमण के क्रम मे कांग्रेस का न्याय पत्र हस्तगत कराते भाजपा के चुनावी घोषणा पत्र को झूठ बताते कहा कि कांग्रेस की सरकार बनो तो देश मे युवाओं किसानो महिलाओ की स्थिति मे गुणात्मक विकास होगा,जो कांग्रेस कहती है करती है न्याय पत्र के अनुरूप गरीब कल्याण की सभी योजनाएँ एक साल मे पूर्ण होगा ।मौके पर प्रखंड अध्यक्ष सहित भारी संख्या मे कार्यकर्ता शामिल थे।

### एक लाख 12 हजार 335 मतदाता करेंगे अपने मताधिकार का प्रयोग

इसुआपुर ।प्रखंड के 111 मतदान केंद्रों पर एक लाख 12 हजार 335 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। प्रखंड विकास पदाधिकारी सह निवार्ची पदाधिकारी संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि इसुआपुर में पुरुष मतदाताओं की संख्या 59 234 है तथा महिला मतदाताओं की संख्या 53101 है। वही ट्रांसजेंडर की संख्या नगण्य है। साथ ही कहा कि विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने तथा मतदान से संबंधित अन्य जानकारी दी जा रही है। इसके लिए आंगनबाड़ी सेविकाएं तथा जीविका दीदियां जोर शोर से लगी हुई हैं। ताकि शत प्रतिशत मतदान हो सके।

### कुलपति को मिली अहम जिम्मेव्वारी

छपरा कार्यालय। सूबे के सभी विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति-सह-राज्यपाल द्वारा जयप्रकाश विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. परमेंद्र कुमार बाजपेई को एक और अहम जिम्मेदारी दी गई है। कुलपति को बिहार के रिलिजस, माइनॉरिटी तथा घाटानुदानित महाविद्यालयों के शिक्षकों और शिक्षकेत्तर कर्मचारियों की पदोन्नति के लिए अधिनियम तैयार करने और पूर्व के अधिनियम में आवश्यक संशोधन करने हेतु गठित समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। इस समिति में नालंदा ओपन यूनिवर्सिटी के माननीय कुलपति प्रो. के सी सिन्हा तथा आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. शरद कुमार यादव को सदस्य बनाया गया है।

# मास्टर ट्रेनर का द्वितीय प्रशिक्षण के लिए उन्मुखीकरण आयोजित

● जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने पढ़ाया रुचिकर प्रशिक्षण का पाठ

प्रात : किरण, संवाददाता




छपरा। लोकसभा चुनाव के निमित्त मतदान कर्मियों के दूसरे प्रशिक्षण के पूर्व शुक्रवार को मास्टर ट्रेनर का उन्मुखीकरण सह प्रशिक्षण का आयोजन प्रेक्षा गृह में किया गया। इस अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी अमन समीर ने उन्मुखीकरण के औचित्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मतदान कर्मियों के प्रथम प्रशिक्षण और द्वितीय प्रशिक्षण में अन्तर है। पहले 170 फीसदी अधिक लोगों को प्रशिक्षण के लिए बुलाया गया था। जबकि अब केवल उन्हीं लोगों को बुलाया गया है जिनकी मतदान में ड्यूटी लग गयी है या रिजर्व में रहेंगे। उन्होंने कहा कि प्रथम प्रशिक्षण विस्तृत रूप से दिया गया था। परन्तु दूसरा प्रशिक्षण गहन और बिल्कुल सीक्वेंस में देंगे। हर मास्टर ट्रेनर के पास नोट बुक होनी चाहिए। पेन और पेपर के साथ महत्वपूर्ण बातों को लिखा जाना चाहिए। उसी के अनुसार ठोस और महत्वपूर्ण बातें बतायी जानी चाहिए। प्रशिक्षण वनवे कम्युनिकेशन होने की बजाय वातार्लाप विधि पर आधारित होना चाहिए। सभी कर्मियों को विधान सभा वार डिस्पैच सेंटर, सामाग्री और इवीएम प्राप्ति का स्थान, मतदान के दो दिन पहले पार्टी मिलान पर टीम के सदस्यों और पुलिस अधिकारी का परिचय और नंबर एक्सचेंज के साथ गाड़ी, लॉग बुक और ड्राईवर का नंबर प्राप्त करने और गाड़ी के खड़ी होने की जगह देख लेने की जानकारी देने की बात कही। ताकि मशीन प्राप्ति के बाद अफरातफरी न हो। बूथ पर किए गए भोजन और अन्य सुविधाओं के इन्तेजाम, संग्रह स्थल की जानकारी आदि की स्पष्ट जानकारी देने को कहा। उन्होंने मतदान के पहले, मतदान के दिन और समाप्ति पर बरते जाने वाली सावधानियों को बुलेट पॉइंट्स में बताने की बात कही। इन सावधानियों को नहीं अपनाने पर होने वाले कठिनाइयों को उन्होंने उदाहरण के साथ बताते हुए कहा कि आप भी उदाहरण के साथ कर्मियों को उक्त जानकारियां दें। इससे प्रशिक्षण उबाउ न होकर रुचिकर और प्रभावी हो जाएगा। उन्होंने पे ऐंड यूज बेसिस पर बूथ, डिस्पैच और रिसेप्शन पर उपलब्ध सुविधाओं, मेनू और तय किए गए रेट की जानकारी देते हुए कर्मियों को पार्टी मिलान के दिन मानदेय खाते में पहुंच जाने से अवगत कराया। डीएम ने बताया कि 50 फीसद बूथ पर वेब कास्टिंग की जाएगी। वहां के बूथ सेटअप से कर्मियों को जरूर अवगत कराएं ताकि मतदान की गोपनीयता भंग न होने पाए। वोटर टर्नआउट रिपोर्ट को समय के पूर्व भेजने, किसी भी समस्या पर फौरन सेक्टर, एआरओ और कंट्रोल रूम को अवगत कराने, प्रेजाइडिंग की डायरी में हर घटना को उल्लिखित करने की जानकारी देने की बात कही। उन्होंने कहा कि प्रशासन कर्मियों की सुविधा के लिए कृतसंकल्पित है। चुनाव से महत्वपूर्ण कोई काम नहीं. किसी भी कोताही की स्थिति में सख्त कार्रवाई की जाएगी। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी जावेद एकबाल ने मास्टर ट्रेनर को बिन्दुवार प्रशिक्षण देने की बात कहते हुए पीओ, पी वन, पी टू और पी थ्री के कर्तव्यों को समझाने को कहा। उन बिंदुओं पर अधिक फोकस करेंगे जहां त्रुटि हो सकती है। हमें जीरो एरर पर त्रुटि रहित और बाधा रहित चुनाव संपन्न कराना है। प्रशिक्षण कोषांग की वरीय प्रभारी पदाधिकारी सह डीडीसी प्रियंका रानी ने बताया कि द्वितीय प्रशिक्षण के लिए मुद्रित करायी गयी पुस्तिका में सभी कार्यों को बुलेट पॉइंट में देते हुए प्रपत्रों के भरे हुए नमूने सम्मिलित किए गए हैं। इससे प्रशिक्षक और प्रशिक्षु दोनों को आसानी होगी। उन्होंने मास्टर ट्रेनर को आयोग द्वारा प्रकाशित पीठासीन की हस्त पुस्तिका और अन्य निदेर्शों और पत्रों का गहराई से अध्ययन कर स्वयं को अपडेट रखने को कहा। इस अवसर पर डीपीओ माध्यमिक शिक्षा संजय कुमार आदि उपस्थित थे।

# लालू के डर से भाजपा को और भाजपा के डर से लालू को वोट दे रहे बिहारी : जन सुराज

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। जन सुराज के संस्थापक और पदयात्रा अभियान के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने कहा है कि बिहार के लोग एनडीए और इण्डिया दोनों गठबंधनों की राजनीति से त्रस्त हो ऊब चुके हैं और दोनों गठबंधनों के नेताओं की कारस्तानियों से परेशान हो नये विकल्प की तलाश में हैं। यहीं कारण है कि अभी तक तीन चरणों के संपन्न हुए संसदीय चुनाव में मतदाताओं में कोई उत्साह नहीं दिखाई दिया है जिस कारण वोट प्रतिशत कम हुआ है। उक्त जानकारी आज यहां जारी एक बयान में जन सुराज, सारण के मुख्य प्रवक्ता कुलदीप महासेठ ने दी है। श्री महासेठ ने बताया है कि बिहार की जनता एनडीए और इण्डिया दोनों गठबंधनों से त्रस्त है किन्तु विकल्प के अभाव में इन्हीं में से किसी को मतदान करने को मजबूर हैं। प्रशांत किशोर ने एक बार फिर स्पष्ट किया है कि बिहार के लोग लालू प्रसाद यादव के डर से भाजपा को और भाजपा के डर से लालू यादव को वोट देते हैं। आज इस संसदीय चुनाव में भी यही स्थिति दिखाई दे रही है। जन सुराज के प्रणेता प्रशांत किशोर के हवाले से श्री महासेठ ने बताया है कि बिहार की जनता लालू प्रसाद यादव के पन्द्रह वर्षों के जंगल राज को याद करते ही कांपने लगते हैं । यहां के लोग नौवीं कक्षा फेल तेजस्वी यादव को कत्तई नेता मानने को तैयार नहीं है। अपने पिता के कारण वे राजद के नेता बन बैठे हैं जबकि उनकी समाज में कोई कमाई नहीं है। अनेक चुनावी सभाओं में झूठी झूठी घोषणाएं कर लोगों को पिता - माता की तरह ही बेवकूफ बनाने में जुटे हुए हैं। श्री महासेठ ने कहा है कि ठीक उसी तरह बिहार के लोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की जुमलेबाजी से परेशान हैं। दस वर्षों के शासन में पीएम मोदी ने बिहार के लिए कुछ भी नहीं किया। एक भी कारखाना नहीं खोला और ना ही रोजगार और शिक्षा के लिए कोई काम किया। शिक्षा , स्वास्थ्य और रोजगार के लिए बिहारियों का दूसरे प्रदेशों में पलायन बदस्तूर जारी है। श्री महासेठ ने कहा है कि जन सुराज के संस्थापक और पदयात्रा अभियान के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने बार- बार यह घोषणा की है कि बिहार की जनता लालू के डर से भाजपा को और भाजपा के डर से लालू को वोट देते हैं। आज भी संसदीय चुनाव में यही स्थिति है। दोनों गठबंधनों ने अपने-अपने शासन काल में बिहार के खजाने को लूटने, जातिवाद और धर्मवाद की राजनीति कर लोगों को बांटने का काम किया तथा बिहार के विकास के लिए कुछ भी नहीं किया। इस संसदीय चुनाव में भी मतदाताओं की स्थिति वैसी ही बनी हुई है। मजबूरी में वोट डालने का ही परिणाम है कि कि लोगों में उत्साह नहीं है और मतदान प्रतिशत कम होता जा रहा है। आगामी विधानसभा चुनाव के पूर्व जन सुराज एक राजनीतिक दल के रूप में स्थापित होगा और बिहार की जनता के बीच एक मजबूत राजनीतिक विकल्प बनेगा।

# नामांकन रद हुआ है मेरा जनसरोकार से जुड़े संकल्प नहीं : प्रो सत्यदेव



प्रात : किरण, संवाददाता

रसूलपुर। महाराजगंज लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से नामांकन रद होने के बाद अपने समर्थकों के साथ 78 वर्षीय प्रो सत्यदेव राय ने अपने गांव बनपुरा में बैठक की ।कहा कि वे किसी भी पार्टी या उम्मीदवार के समर्थन में आगे नहीं आयेंगे। रक्षा निदेशक पद से सेवानिवृत्त प्रो राय ने कहा कि उनका नामांकन ही केवल रद हुआ लेकिन संकल्प नहीं ।जन सरोकार से जुड़े मुद्दों हमेशा वे उठाते रहेंगे ।सामाजिक व अध्यात्म के क्षेत्र में जन जागृति का कार्य वे पहले की तरह ही जारी रखेंगे। प्रो राय ने कहा कि क्षेत्र में वे अध्यात्मिक जागृति के लिए बहुत जल्द ही एक लम्बा अभियान चलाने की योजना पर कार्य करेंगे ।इसके तहत भागवत व पौराणिक कथाओं पर आधारित प्रवचन माला कार्यक्रम प्रारंभ करेंगे ।अगरेजी ,हिन्दी ,संस्कृत ,भोजपुरी भाषाओं पर एक समान अधिकार रखने वाले व भारतीय सेनाध्यक्ष से प्रशस्ति पत्र पाने वाले प्रो राय आज भी सोशल मिडिया के माध्यम से रोजाना प्रवचन कर लोगों में आध्यात्मिक जागृति प्रसार का काम करते हैं जिसकी सराहना की जाती है।

# महाविद्यालयों के बर्सर भी निश्चित रूप से लें क्लासः कुलपति



प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा। जयप्रकाश विश्ववविद्यालय के कुलपति प्रो. परमेंद्र कुमार बाजपेई ने कहा कि माहाविद्यालयों के बर्सर को भी वर्ग संचालन करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि महाविद्यालयों के बर्सर भी शिक्षक ही हैं और उनका मूल दायित्व पठन-पाठन है। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी बर्सर अपने विषयों के क्लास अवश्य लें। कुलपति ने शुक्रवार को दिघवारा स्थित यदुनंदन महाविद्यालय के औचक निरीक्षण के दौरान उक्त निर्देश जारी किया। उन्होंने कहा कि कक्षाओं में विद्यार्थियों की 75 प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित की जाय। इसके लिए महाविद्यालयों में समय-समय पर पैरेंट्स-टीचर मीटिंग कराए जाएं। साथ ही विद्यार्थियों को क्लासरूम में आने के लिए लगातार प्रेरित करते रहें। तय समय पर सिलेबस को पूर्ण कराया जाय। कक्षाओं में उपस्थिति बढ़ाने के दृष्टिकोण से कुलपति ने प्राचार्य से कहा कि अगर प्रातः 7 बजे से वर्ग संचालन करने से विद्यार्थियों की उपस्थिति होती है तो वे प्रातः 7 बजे से 8 घण्टा क्लास चला सकते हैं लेकिन शर्त यह है कि इससे विद्यार्थियों की उपस्थिति में उल्लेखनीय बढोत्तरी दर्ज हो। यदुनंदन महाविद्यालय में कुलपति को जानकारी मिली कि यहां गणित और उर्दू विषय के शिक्षक नहीं है। इससे पहले कुलपति ने विश्ववविद्यालय परिसर में चल रही स्नातकोत्तर परीक्षा का तथा स्नातकोत्तर इतिहास विभाग का भी निरीक्षण किया। कुलपति पी जी की परीक्षा से संतुष्ट हुए ।इतिहास विभाग में निरीक्षण के समय सभी शिक्षक एवं अध्यक्ष उपस्थित थे ।इस अवसर पर प्रोफेसर हरिश्चंद्र समायोजक महाविद्यालय विकास परिषद भी मौजूद थे।

# मनोकामना माई मंदिर पर हो रहे बाल विवाह पर लगाई गई रोक

प्रात : किरण, संवाददाता



रक्सौल। 10 मई अक्षय तृतीया पर प्रयास जुवेनाइल एड सेन्टर पूर्वी चम्पारण एवं बाल विकास परियोजना आईसीडीएस रक्सौल के संयुक्त तत्वाधान में अक्षय तृतीया पर होने वाले बाल विवाह रोक थाम हेतु सभी धार्मिक स्थल मनोकामना माई मंदिर रक्सौल, बनसप्ती माई मंदिर सेमरा, बैकुंठ धाम आदापुर, सतपिपरा शिव मंदिर, सती माई मंदिर रामगढ्वा पर टीम द्वारा मौके पर पहुंच कर होने वाले शादी का मन्दिर पुजारी, प्रयास टीम, आईसीडीएस टीम के साथ उम्र सत्यापन का दस्तावेज देख कर ही शादी का अगला प्रक्रिया किया जा रहा हैं। पूरे भारत में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत बाल विवाह जैसे अभिशाप जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए सभी धार्मिक स्थलों व सामूहिक विवाह पर विशेष कर ध्यान दिया गया है। अक्षय तृतीया पर रक्सौल अनुमंडल क्षेत्र के रामगढ़ावा ब्लॉक, रक्सौल ब्लॉक, आदापुर ब्लॉक से प्रयास हेल्प लाइन नंबर पर छः बाल विवाह होने की सूचना समुदाय से प्राप्त हुई। जानकारी मिलते ही लिखित पत्र ईमेल के माध्यम से अनुमंडल पदाधिकारी सह बाल विवाह प्रतिषेध पदाधिकारी रक्सौल एवं सम्बन्धित प्रखंड विकास पदाधिकारी सह बाल विवाह निषेध अधिकारी को पत्र दिया गया। प्रयास जुवेनाइल एड सेन्टर पूर्वी चम्पारण के सामुदायिक सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा मौके पर पहुंच कर पंचायत जन प्रतिनिधि के सहयोग से सभी अभिभावक से शपथ पत्र लिया गया कि जब तक लड़की का उम्र 18 वर्ष और लड़के का उम्र 21 वर्ष पार नहीं होता शादी नहीं करेंगे। अगर बाल विवाह करते हुए पाए गए तो उनके उपर बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी, जांच के दौरान मनोकामना माई मंदिर से एक बाल विवाह रोका गया, जिसकी सूचना प्रखंड विकास पदाधिकारी रक्सौल व थाना रक्सौल को फोनिक सूचना दिया गया। मौके पर रक्सौल थाना से पीएसआई कुमार प्रकाश पहुंच कर बच्ची का उम्र सत्यापन कर विवाह रोका गया, इसकी प्रक्रिया में प्रयास जुवेनाइल एड सेन्टर पूर्वी चम्पारण की जिला समन्वयक आरती कुमारी, राज गुप्ता, किरण वर्मा, अभिषेक कुमार, नाथू राम पोदार उपस्थित थे। सेमरा बनसप्ती माई मंदिर में प्रयास संस्था से नवीन कुमार ,सनी कुमार मंडल, शिव मंदिर सत्पीप्रा सती माई मंदिर रामगढ़वा में उमेश कुमार श्रीवास्तव, अजय कुमार द्वारा अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकथाम हेतु मौके पर उपस्थित होकर अपना योगदान दिया गया ताकि बाल विवाह ना हो सके। बाल विकास परियोजना रक्सौल से महिला पर्वेक्षिका मारिया बेगम, सेविका विजन देवी , उषा देवी उपस्थित थी।

# स्वर्ण व्यवसाई के घर से तीस लाख के आभूषण की चोरी

प्रात : किरण, संवाददाता



दिघवारा नगर ।थाना क्षेत्र के मानुपुर पंचायत के मानुपुर गांव में बीती रात एक आभूषण दुकानदार के घर अज्ञात चोर घुस गए और एक कमरे में रखे गोदरेज व तिजोरी में रखे लगभग 30 लाख रुपए मूल्य के आभूषण समेत 45 हजार रुपया नगद की चोरी कर चलते बने ।घटना की जानकारी जब शुक्रवार की सुबह परिजनों को लगी तो सबों के होश उड़ गए ।घटना के बाद घर की महिलाओं के क्रंदन से माहौल गमगीन हो गया था ।बाद में पुलिस की जांच में घर के पास स्थित बांसबाड़ी में आभूषण के बड़ी संख्या में खाली डब्बे पड़े मिले ।इस संबंध में मानुपुर गांव निवासी देवनाथ प्रसाद के पुत्र ललन कुमार साह के बयान पर थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है ।मिली जानकारी के मुताबिक श्री साह के घर में निर्माण कार्य चल रहा था और इसी को लेकर घर के पिछले हिस्से की दीवाल को तोड़ा गया था ।इसी टूटे हुए दीवाल का फायदा उठाकर बीती रात अज्ञात चोर घर में घुस आए और जिस कमरे में आभूषण रखा हुआ था उसके गेट में लगे लॉक को तोड़कर उस कमरे के गोदरेज में रखे परिजन व ग्राहकों के सभी कीमती आभूषणों की चोरी कर ली गई ।घटना को अंजाम देने के बाद चोर चलते बने ।बाद में शुक्रवार की सुबह परिजन जब सो कर उठे तो घर के दरवाजे में लगे लॉक को टूटा देखा ।इसके बाद घर में प्रवेश करने पर परिजनों के होश उड़ गए ।गोदरेज व तिजोरी खुले पड़े थे और जगह-जगह कीमती आभूषण के डब्बे व अन्य कपड़े बिखरे हुए थे। घटना की जानकारी मिलने पर थानाध्यक्ष रविशंकर कुमार ने मौके पर पहुंचकर परिजनों से घटना की जानकारी ली। थानाध्यक्ष रविशंकर कुमार ने बताया कि पुलिस मामले की छानबीन कर रही है और चोरी की घटना का उद्भेदन करने का प्रयास किया जा रहा है।

# पीएम के आगमन को लेकर लोजपा (रा) कार्यकर्ताओं की बैठक सम्पन्न

प्रात : किरण, संवाददाता




छपरा। शुक्रवार को लोजपा(रा) के दहियावां टोला स्थित छपरा कार्यालय में जिला कार्यकारिणी की बैठक की गई ' जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष दीपक कुमार सिंह एवं संचालन जिला संसदीय बोर्ड अध्यक्ष पूर्णेन्दु सिंह ने किया! इस बैठक में पार्टी के पदाधिकारी गण से लेकर पंचायत स्तरीय पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे ' जिला अध्यक्ष दीपक कुमार सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बैठक का मुख्य उद्देश्य 13 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का छपरा के हवाई अड्डा में चुनावी सभा को सफल एवं ऐतिहासिक बनाने के लिए सभी साथियों को लग जाने के लिए बोले एवं जिला अध्यक्ष ने प्रत्येक प्रखण्ड से एक - एक सौ लोगों को लाने का लक्ष्य दिया गया जिला अध्यक्ष सभा को संबोधित करते हुए कहा की ये कोई मुखिया या विधायक का चुनाव नहीं है ये देश को दिशा और दशा को तय करने का चुनाव है उन्होंने कहा की छपरा एवं महाराजगंज संसदीय क्षेत्र से राजीव प्रताप रूढ़ी एवं जनार्दन सिंह सिग्रीवाल को सारण की जनता चार लाख पार मतो से विजय बनाकर लोक सभा मे भेजने का काम करेगी उन्होंने यह भी कहा कि जो पिछली बार गलती से एक सीट बिहार में रह गया था इस बार 40 की 40 जितने का नारा देते हुए कहा कि इस बार यह सभी सीट जीतने में हमारी पार्टी अपनी अहम भूमिका निभाईगी ' भेल्दी निवासी शत्रुघ्न कुमार वर्मा एवं छपरा साढा निवासी विनय कुमार ने चिराग पासवान मे अपनी आस्था व्यक्त करते हुए पार्टी मे सामिल हुए आज के बैठक मे मुख्य रूप से भानु सिंह, रितेश सिंह सिग्रीवाल, कमलेश पांडे, जगनंनद सिंह, आलोक कुमार पांडे, ओम प्रकाश माझी, कुमकुम सिंह, सरिता देवी, विभा कुमारी, रूबी देवी, तेजनारायण सिंह, सोनू सागर, राहुल विश्वकर्मा, प्रवीण कुमार, भुवन प्रसाद, प्रमोद सिंह, सोनू माझी, देवेन्द्र सिंह, शशि भूषण जोशी, राहुल कुमार, सुधीर कुमार गुप्ता, सुनील कुमार, सन्नी कुमार, अरविंद पासवान, सुधांशु राज, मनीष कुमार, सूरज प्रकाश, रामसेवक माझी, अनिल कुमार यादव, इत्यादि प्रमुख थे ।

# नगरी वाल्मीकिनगर में 5 जी का दम भरने वाले नेटवर्क की निकली हवा 2 जी से भी बदतर स्थिति है नेटवर्क की पर्यटन

प्रात : किरण, संवाददाता

बेतिया.बिहार का एक मात्र टाइगर प्रोजेक्ट वीटीआर इनदिनों नेटवर्क की घटिया चाल से परेशान हो चला है। वैसे तो वाल्मीकिनगर में नेटवर्क कभी सुचारू मानक रूप से से सेवा नहीं दिया है । लेकिन 5 जी का दम भरने वाले नेटवर्कों की हालत 2 जी से भी बदतर स्थिति में पहुंच चुकी है। बतादें वाल्मीकिनगर स्थित पर्यटन क्षेत्र एरिये में अब कॉलिंग के लिए चार से 5 बार नेट सर्च करने पर रहे हैं इसके बावजूद बातें पूरी नहीं हो पाती है। जलसंसाधन विभाग के ऊपरी शिविर 3 नम्बर पहाड़,जंगल कैम्प,इको पार्क,ई टाइप,हॉस्पिटल,1910 ईसवी चौक,टीना सेड आदि जगहों पर नेटवर्क पूरी तरह से काम करना बंद कर दिया है,नेटवर्क है भी तो वह किसी काम का नहीं होता। टंकी बाजार निवासी आलोक यादव ने बताया कि हमलोग टॉवर के करीब रहते हैं इसके बावजूद 5 जी की बात छोड़िए 2 जी के बराबर भी नेटवर्क नहीं मिल रहा है। बतातें चलें कि बीएसएनएल हो या एयरटेल या जिओ सभी नेटवर्क बुरी तरह से फेल हो गए है। इसका सीधा असर पर्यटन पर भी पड़ रहा है। सैलानी नेटवर्क एरिया में रहना या रुकना पसंद करते है ताकि अपने लोगो के साथ संपर्क में रह सकें ।इसलिए पर्यटक नेटवर्क विहीन एरिये से निकल वापस हो जा रहे है। बतादें की इस समस्या को खत्म करने के लिए पर्यटन विभाग ने वाल्मीकिनगर के टुरिस्ट डिस्टिनेशन एरिये में 36 वाईफाई लगाने की योजना पर कार्य कर रहा है। लेकिन 2 वर्ष होने को आए यह योजना धरातल पर नहीं उतरी है।

# इंडो नेपाल बॉर्डर सुरक्षा में जुड़ा नया आयाम रिवरफ्रंट लाइन गश्ती के लिए गंडक नदी में उतारा गया स्वचालित बोट

प्रात : किरण, संवाददाता

बेतिया.वाल्मीकिनगर स्थित इंडो नेपाल सीमा को विभाजित करती नारायणी गंडक नदी में एसएसबी 21 वीं बटालियन ने रिवरफ्रंट लाइन गश्ती के लिए स्वचालित बोट उतारा है ।जिसका एसएसबी उपमहानिरीक्षक एस सुब्रमण्यम ने पूरे विधिविधान से पूजन कर के उद्घाटन किया। बतादें की शुक्रवार को एसएसबी की बीओपी कौलेश्वर में क्षेत्रक मुख्यालय एसएसबी बेतिया के उपमहानिरीक्षक एस सुब्रमण्यम के कर कमलों द्वारा पौराणिक व धार्मिक मान्यता प्राप्त पवित्र नारायणी गंडक नदी में स्वचालित नाव का विधिवत पूजन कर के उद्घाटन किया गया। उद्घाटन में एसएसबी 21वीं बटालियन के कमांडेंट श्रीप्रकाश , द्वितीय कमान अधिकारी अश्वनी कुमार,उप कमांडेंट श्री उमा शंकर नाशना निरीक्षक प्रदीप कुमार मंडल शामिल रहे। पूजन विधि पंडित नितेश कुमार के द्वारा संपन्न किया गया और नाव का संचालन मुख्य आरक्षी पुरन चन्द नायक के द्वारा किया गया। इसके साथ इस स्वचालित नाव से सभी अधिकारियों ने गंडक नदी के भारतीय क्षेत्र में भ्रमण किया। जिसका मुख्य उद्देश्य रिवर लाइन पेट्रोलिंग से है। इस बोट को भविष्य में रिवर लाइन पेट्रोलिंग और आकस्मिक घटना होने पर रेस्क्यू ऑपरेशन में शामिल किया जाएगा। इस मौके पर कोलेश्वर में मौजूद विद्वान पंडित और एसएसबी के सभी जवान उपस्थित थे।

# इंडिया गठबंधन की बैठक सम्पन्न

प्रात : किरण, संवाददाता

एकमा। आगामी 12 मई को एकमा व लहलादपुर में पूर्व केंद्रीय मंत्री मीरा कुमार की आगमन को सफल बनाने के लिए इंडिया गठबंधन की बैठक हुई। एकमा-स्थानीय संगम विवाह भवन के प्रांगण में इंडिया गंठबंधन के घटक दलों के साथ प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष किशुन सिंह उर्फ सुग्रिम सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। जिसमें महराजगंज लोकसभा क्षेत्र के इण्डिया गठबंधन के कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार आकाश प्रसाद सिंह के पक्क्ष में पूर्व केन्द्रीय मंत्री व लोक सभा अध्यक्ष मीरा कुमार का चुनावी सभा 12 मई को एकमा विधानसभा क्षेत्र के लहलादपुर उच्च विद्यालय के प्रांगण में रविवार के दिन 11:00 नजे में तथा एकमा प्रखंड के पारसागढ़ उच्च विद्यालय के प्रांगण में 12:00 बजे दिन में पूर्व केंद्रीय मंत्री मीरा कुमार चुनावी सभा आयोजित को सफल बनाने को लेकर बैठक कर गठबंधन के सभी दलों के सदस्यों के बिच चर्चा एवं विचार विमर्श किया गया। जिसमें अधिक से अधिक लोग पहुंचकर उनकी भाषण सुनने के लिए भाग लेने के लिए चर्चा किया गया। इस मौके पर कामरेड अरुण सिंह विक्रमा ठाकुर पुर्व सरपंच राजेश्वर यादव चंद्रमा माझी आप पार्टी के नेता प्रौ भूपेंद्र सिंह ओम प्रकाश सिंह चंद्रकांत सिंह सत्येंद्र उपध्याय कांग्रेस नेता कुंदन सिंह राजेश्वर पांडेय अमित सिंह नन्हु राय एकमा विधायक प्रतिनिधि सुभाष यादव कार्यालय पर्यवेक्षक डॉ विजय कुमार शर्मा नवीन कुमार राजेंद्र साह आदि लोग उपस्थित थे ।

# जेठवार भट्ट में वैदिक मन्त्रोंचार के साथ हुआ माँ बरेजी मंदिर का भूमि पूजन

प्रात : किरण, संवाददाता

भोजपुरः तरारी प्रखंड के जेठवार भट्ट गाँव में माँ बरेजी ट्रस्ट द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में अक्षय तृतीया के शुभ दिन वैदिक मन्त्रोंचार के साथ माँ बरेजी मंदिर का भूमि पूजन मथुरा गोवर्धन के जगद्गुरु निम्बकाचार्य राधा मोहन शरण देवाचार्य जी महाराज के हाथों हुआ. भूमि पूजन समारोह में कौशलेन्द्र राय शोभा राय, ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रकाश रं" राय, पूनम राय, रंजन राय, कमलेश राय विनोद राय, गीता राय आदि विशिष्ट जजमान रहें. भूमि पूजन के बाद श्रीमद जगद्गुरु राधा मोहन महाराज जी ने कहा कि इस गाँव में माँ दुर्गा मंदिर व माँ काली मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा भी इसी शुभ दिन को हुआ था. अतः माँ बरेजी मंदिर का भूमि पूजन का कार्यक्रम भी इसी दिन रखा गया है. श्री महाराज जी ने अतिशीघ्र मंदिर बनने की. इस अवसर पर महावीर प्रसाद भट्ट, अरविन्द राय, लकी प्रधान बोल बम राय, नागेद्र राय सरोज राय, जद यू नेता संजय राय, संजय सिंह, बिक्कु राय, ऋषव राज (दिल्ली), सुनील कुमार (कर्नाटक ) ऋषि राज ( भुवनेश्वर) आदि उपस्थित रहें

# अंजनी में दो घरों में हुई अगलगी की घटना में लाखो रुपए की संपति जलकर हुई राख

प्रात : किरण, संवाददाता

परसाः-प्रखंड के अंजनी मठिया सलेमपुर गांव में शुक्रवार की दोपहर अचानक दो लोगो के फुशनुमा घर में आग लगने से लाखो रुपए की संपत्ति कर राख हो गई ।आगलगी की घटना में एक गाय का बछड़ा भी झुलसने से मौत हो गई है। घटना को लेकर मुखिया प्रतिनिधि सुनील राय,सरपंच भागवत राय,जनार्दन राय,रिंकू राय ने संयुक्त रूप से अग्नि शमन दल को सूचित किया ।सूचना पर मकेर थाना से अग्नि शमन दल की टीम घटना स्थल पहुंची व ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया ।तबतक राज किशोर राय के घर में रखे नगद इक्कीस सौ रुपए, अनाज छः क्विंटल गेहूं, हजारों रुपए का कीमती कपड़ा,दो एंड्रॉयड मोबाइल,जलकर नष्ट हो गए। जबकि घर के बगल में बांधे गए एक गाय का बछड़ा भी झुलस कर मर गया। वही नंद किशोर राय के घर में रखे दो चौकी,कीमती कपड़ा, चार क्विंटल गेहूं नगदी पंद्रह सौ रुपए नगदी जलकर नष्ट हो गए है ।मुखिया प्रतिनिधि सुनील राय ने आगलगी की घटना से सीओ को दूरभाष पर सूचित कर पीड़ितों को आपदा के तहत सहायता राशि दिलाने की मांग की है।

# दुष्टों के संहारक थे भगवान परशुराम-संजय मिश्रा

प्रात : किरण, संवाददाता

बेतिया.चनपटिया प्रखण्ड के खैरटिया गांव मे विनोद तिवारी के अध्यक्षता मे भूमिहार ब्राह्मण एकता मंच और ब्राह्मण संस्कार मंच के संयुक्त संयोजन मे परशुराम जयन्ती समारोह का आयोजन किया गया ।इस दौरान भूमिहार ब्राह्मण एकता मंच के राष्ट्रीय संयोजक सह अध्यक्ष संजय कुमार मिश्रा उर्फ बब्लू मिश्रा ने कहा दुष्टों के संहारक भगवान परशुराम जी थे.इसलिए पृथ्वी को दुष्टों के मुक्त रखने और विश्व के कल्याण हेतु भगवान परशुराम जी का अराधना करना चाहिए। समारोह मे अमित कुमार पांडेय, अजय शुक्ला , पुरूषोत्तम दूबे , सतेन्द्र पाण्डेय, परमेश्वर तिवारी ,विनय ठाकुर मृत्युंजय पांडेय प्रदीप तिवारी इत्यादी उपस्थित थे. कार्यक्रम मे अतिथियों का स्वागत शाही कुमार राय संचालन धन्नजंय तिवारी एवं धन्यवाद ज्ञापन संजय कुमार मिश्रा उर्फ बब्बू मिश्रा ने किया ।

